# भव्य रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियां शुरू मंत्री सारंग ने किया स्थल का निरीक्षण

सीहोर।



**जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी 16 फरवरी से 22 फरवरी तक भागवत भूषण प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में भव्य रुद्राक्ष महोत्सव के लिए तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं। कथा सुनने के लिए यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इसके चलते श्रद्धालुओं के लिए बैठक व्यवस्था की जा रही है।**

आयोजकों के अनुसार जरूरत पड़ने पर बैठक व्यवस्था और बढ़ाई जा सकती है। आयोजन स्थल पर मैदान का समतलीकरण आदि किया जा रहा है। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंचे प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने गुरुवार को भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा का आशीर्वाद ग्रहण किया और इस दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नरेश मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग, एसडीएम अमन मिश्रा, सीएसपी निरंजन राजपूत, तहसीलदार नरेन्द्र बाबू यादव, मंडी टीआई हरी सिंह परमार, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अलावा क्षेत्रवासी शामिल थे।

मंत्री श्री सारंग ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर यहां पर मौजूद अधिकारियों, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर कथा की विभिन्न समितियों को लेकर चर्चा की।

उन्होंने पांडाल, लाइट की पर्याप्त व्यवस्था रहे पार्किंग एवं लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसका इंतजाम किया जाए। इसके अलावा 100 से अधिक स्थाई शौचालय के अलावा हजारों की संख्या में चलित शौचालय की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि उक्त आयोजन में देश और विदेश से लाखों की संख्या में रुदाक्ष महोत्सव में श्रद्धालुओं के आने का अनुमान उनकी सेवा करना यह हम सब की जिम्मेदारी हैं।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि नगर पालिका सहित अन्य विभाग का अमला यहां पर कथा स्थल की व्यवस्था में लगा रहेगा, इसके अलावा अनेक वाहनों के द्वारा श्रद्धालुओं के आने-जाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पानी आदि की व्यवस्था के इंतजाम किए जाऐंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि इस आयोजन के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। कथा के लिए 300 बाय 600 फीट का डोम तैयार किया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान के आधार पर करीब 2 लाख श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। यदि इससे अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं तो और भी पंडाल लगाए जाएंगे ताकि किसी को भी खुले आसमान के नीचे बैठकर कथा सुनने को मजबूर न होना पड़े। उन्होंने बताया कि फरवरी में ही डोम और पंडाल का काम पूरा कर लिया जाएगा। आयोजन स्थल पर ऐसी तैयारियां की जा रही हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न उठाना पड़े।

# विहिप-बजरंग दल द्वारा राष्ट्रपति से जिहादी तत्वों के विरूद्ध सरकार से कठोर कानून बनवाने की मांग की

विदिशा (निप्र)। विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल जिला विदिशा द्वारा राष्ट्रपति को जिला प्रषासन के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि देश में जिहादी तत्व घृणा और आतंक के वातावरण का निर्माण कर रहे हैं। कभी सर तन से जुदा गैंग सक्रिय होता है तो कभी लव जिहाद या जिहाद के अन्य प्रकारों से हिंदू समाज को आतंकित करने का षड्यंत्र किया जा रहा है।

ज्ञापन के अनुसार हिंदू संगठनों, हिंदू नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमलों तथा हत्याओं की अनेक घटनाएं सामने आई हैं। हालही असम के करीमगंज जिले के लोविरपुरा में बजरंग दल के एक 16 वर्षीय कार्यकर्ता शंभू कैरी की एक जिहादी द्वारा चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। पिछले 2 वर्षों में ही बजरंग दल के 9 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है और 32 कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं। जो घटना अभी दिल्ली में हुई है वह भी चिंता पैदा करती है जिसमें दो हत्यारों ने एक हिंदू की निर्मम हत्या कर उसके 32 टुकड़े करने के बाद कहा कि उनके निशाने पर अन्य अनेक हिंदू नेता भी हैं। हमलों के लिए नाबालिगों को आगे किया जा रहा है जो बकरों की कुर्बानी और मदरसों की शिक्षा के कारण पहले से ही क्रूरता और घृणा से कूट-कूट कर भरे होते हैं।


**हमलावर अवयस्कों को वयस्कों के समान दण्डित किया जाए:** ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि राष्ट्रपति महोदया केंद्र सरकार से आग्रह कर घृणा फैलाने व झूठे विक्टिम कार्ड खेलकर एक धर्म विषेष के समुदाय को भड़काने वाले लोगों को नियंत्रित करने के लिए कठोर कानून बनाएं। इन हमलों में सम्मिलित अवयस्कों को वयस्क के समान माना जाए जिससे अवयस्कों को मिलने वाला संरक्षण इन क्रूर हमलावरों और हत्यारों को नही मिल सके। हिंसा के लिए उकसाने वाले तत्व विभिन्न नामों से सामने आते रहते हैं। सिम्मी, पीएफआई, सिटीजन फोरम आदि केवल अलग-अलग नाम है, परन्तु उन सबकी विचारधारा जिहादी है। इस पर रोक लगाने के लिए कठोर कानून अविलम्ब बनना चाहिए। घृणा का वातावरण बनाने में मदरसों का बड़ा योगदान है।

# गरीबों को आवास योजना का लाभ नहीं मिला:भालसे

**पीथमपुर।** वार्ड क्रमांक 3 में कालू भालसे कांग्रेस के प्रत्याशी का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास में घोटाला हुआ है । निमाड़ के कई लोगों को लाभ नहीं मिला । अमीरों को लाभ मिला । जन चर्चा है कि 20 हजार रुपए रिश्वत लेकर के प्रधानमंत्री आवास योजना आवंटित की गई इसमें अधिकारी रसूखदार नेताओं हाथ बताया जा रहा है। कंट्रोल की दुकान कभी खुलती है कभी बंद होती है पांच किलो प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत मुफ्त अनाज मिलता है । वह भी ढाई किलो ही दिया जा रहा है। करोना काल में शासन ने मुफ्तअनाज देने की योजना की थी। परंतु किसी भी हितग्राही को मुफ्त नहीं दिया गया। सबसे पैसे वसूले गए। बहुत भ्रष्टाचार है।ढाई किलो मुफ्त अनाज दिया जाता है। आंगनवाड़ी का पूरा अनाज खा जाते है। कालू मारू ने कंट्रोल की दुकान के नाम से जो अवैध दुकानें बना ली और किराए पर दे दी ।इसी तरह गाय भैंस का भाड़ा भी सरकारी एकेवीएन भी जमीन पर बना दिया ।जिसका नोटिस भी जारी हुआ परंतु कोई कार्यवाही नहीं । वार्ड क्रमांक 3 में बहुत भ्रष्टाचार है । मतदाता भाजपा शासन से बहुत दुखी हैं, बदलाव चाहते हैं।

# सैण्ट एसआरएस स्कूल में हरिद्वार से आई छात्राओं ने दिया प्रशिक्षण

गंजबासौदा।



**देव विश्वविद्यालय हरिद्वार मनुष्य का पहला विकास शरीर का यानि स्वास्थ्य, दूसरा विकास मन का मानसिक स्वास्थ्य, आत्मिक पहचान के लिए शुद्वता, सामाजिक विकास और व्यवसायिक विकास पर की शिक्षा दी जाती है। आज हम खुद छात्र होते हुए देश भर में लोगों तक पहुंचकर सोसल विकास को बढावा देना चाहते है।**

यह बात स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिका हायर सैकण्डरी स्कूल परिसर में गुरूवार को आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के आध्यात्मिक सत्संग एवं युवा कौशल कार्यक्रम में हरिद्वार से आई पूर्व छात्राएं श्रद्वा सुमन ने कही। उन्होंने बताया कि इस दौरान रामायण के प्रसंग राम की नम्रता की जीत और रावण के अहंकार की हार को जोडते हुए उन्होंने प्रणाम का महत्व बताया। इस दौरान देव संस्कृति विश्वविद्यालय से पधारी प्रतिभा पाल, आरूषि काला ने जीवन जीने की कथा, संस्कारवान बनने की प्रेरणा, और व्यक्तित्व परिष्कार और सुधार के साथ योग शिक्षा सम्बंधित जानकारियां दी; उन्होंने पर्सनल डेव्लपमेंट और प्रोफेशनल डेव्लपमेंट को विस्तार से समझाया। इस मौके पर मुख्य ट्रस्टी श्याम सुंदर माथुर ने गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे युवा कौशल और आध्यात्मिक सत्संग के बारे में जानकारी दी। उप मुख्य ट्रस्टी जयराम अहिरवार, परिब्राजक बसंत पाण्डे, तहसील समन्वयक रमाकांत उपाध्याय ने विचार रखे। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने अतिथियों का आभार माना। संचालन दिनकर कद्रे ने किया। इस मौके पर संस्था के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास एवं सत्संग में भाग लिया।

# आत्मनिर्भर सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ रही मातृशक्तियां:नायक

शाजापुर।




**मध्यप्रदेश में महिलाएं स्वाबलंबन सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता शिक्षा एवं उन्नति की राह में आगे बढ़ रही हैं इसके पीछे केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की महिला सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की नीतियों के कारण संभव हो सका है।**

महिलाओं के हित एवं उनके कल्याण के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए महिला हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने कही। वे गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर महिला मोर्चा द्वारा आयोजित हितग्राही सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा सहित सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि महिलाओं से जुडी सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में निरंतर कार्य करें। कार्यक्रम में जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बबीता परमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती केतल पटेल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, नगर अध्यक्ष नवीन राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष यमुना जी कच्छावा, श्रीमती मधु दवे, श्रीमती अंजू खत्री, श्रीमती रुकमणी पाटीदार, श्रीमतीअनीता पाटीदार, श्रीमती आराधना पगारे, श्रीमती रश्मि अवस्थी, श्रीमती चेतना शर्मा, लाडली, पार्षद श्रीमती अनीता परमार, श्रीमती चंद्रकांता सोनी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला मोहाड़कर मंचासीन थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा कन्या पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में शाजापुर नगर की लाभार्थी लाडली लक्ष्मी बेटियां एवं उनकी माताएं एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का संचालन मोर्चा नगर महामंत्री श्रीमती किरण पाटीदार ने किया एवं आभार श्रीमती अनीता परमार ने व्यक्त किया।

# कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन (म.प्र.)

cmoobaidullaganj@mpuban.gov.in Ph-07480-224068

क्रमांक/886/राजस्व/न.प./2022 औ.गंज दिनांक 17.01.2023

## हकअंतरण आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 151 के तहत नगर परिषद के संपति कर खाते में हकअंतरण की कार्यवाही की जाना है। अतः जिन व्यक्तियों को निम्नलिखित वार्ड क्र.........के समक्ष लिखित व्यक्तियों व भवन भूखण्ड के हकअन्तरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर परिषद औबेदुल्लागंज के कार्यालय में लिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है। समय अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचर नहीं किया जावेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम हकअन्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र | नस्ती भवन भूमि/प्लाट/वार्ड का विवरण | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | क्षेत्रफल | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड 25x36= 900 वर्गफिट खसरा न. 63/1 पटवारी हल्का 08 वार्ड क्रं. 02 सनोटी औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र | 1.श्रीमति भूरिया बाई पत्नि स्वं. श्री प्रहलद सिंह परमार 2.श्री पान माल 3. श्री अर्जुन सिंह 4. महाराज सिंह पिता स्वं. श्री प्रहलद सिंह परमार निवासी- वार्ड क्रं. 02 औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन-म.प्र | 1.श्री राम प्रसाद कुर्मी आ स्वं. श्री दयाराम कुर्मी 02 श्रीमति राधारानी कुर्मी पति श्री रामप्रसाद कुर्मी निवासी-वार्ड क्रं. 06 इकलामा औगंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र | भूखण्ड 25x36 =900 वर्गफिट | विक्रय पत्र नामांतरण के आधार पर। |
| 2 | मकान क्र 45 क्षेत्रफल 25x40=1000 वर्गफिट स्थित वार्ड क्र 02 विद्या नगर औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री पुहुप सिंह रघुवंशी आ. श्री गोवर्धन सिंह रघुवंशी ग्राम पोस्ट बम्होरी तहसील उदयपुरा जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति सीता देवी पति स्व. श्री पुहुप सिंह रघुंवशी ग्राम पोस्ट बम्होरी तहसील उदयपुरा जिला-रायसेन म.प्र | मकान क्र 45 क्षेत्रफल 25x40 =1000 वर्गफिट | मृत्यु प्रमाण एवं शपथ पत्र, के आधार पर। |
| 3 | आवसीय प्लाट क्र.27 क्षेत्रफल 30x50=1500 वर्गफिट-वार्ड 02 विद्या नगर औ गंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र | श्री नरेन्द्र शर्मा आ.स्वं श्री लीलाधर शर्मा निवासी-वार्ड 09 हिरानियॉ औ गंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र | श्रीमति ममता चौहान पति श्री भगवान सिंह चौहान एवं श्री भगवान सिंह चौहान पिता श्री चरण सिंह चौहान निवासी-ग्राम बोरखाड़ी तहसील सुल्तापुर जिला- रायसेन म.प्र. | आवसीय प्लाट क्र.27 क्षेत्रफल 30x50= 1500 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 4 | भूखण्ड क्र 107 विद्या नगर क्षेत्रफल 20x30=600 वर्गफिट वार्ड क्रं. 02 विद्या नगर औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | 1.श्री लक्ष्मीनारायण गौर आ. श्री रामदयाल 2. श्री ब्रजेश गौर आ. रामदायाल गौर निवासी ग्राम मगरपूछ 09 तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | श्री भूरामल आ. श्री लोकुमल निवासी वार्ड क्र. 08 सुल्तानपुर तहसील सुल्तानपुर जिला- रायसेन म.प्र | भूखण्ड क्र 107 विद्या नगर क्षेत्रफल 20x30=600 | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 5 | आवसीय भवन क्र. 98 795 वर्गफिट निवासी वार्ड क्र 04 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र | श्रीमति उषा राय पति श्री शंकरलाल राय निवासीः-169 हर्षवर्धन नगर भोपाल तहसील हूजुर | श्री मनीष सोलंकी आ. श्री रामनारायण सोलंकी 2. श्री नितेश सोलंकी आ. श्री रामनारायण सोलकी निवासीः-वार्ड क्रं. 04 कलार मोहल्ला औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवसीय भवन क्र.98 795 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 6 | भूखण्ड क्र. 182 एवं 183 जिसका क्षेत्रफल 20x40 = 800 वर्गफिट वार्ड क्र. 02 महावीर कालोनी औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री हरि वासवानी आ. श्री गोविन्द दास वासवानी निवासीः-वार्ड क्र 02 महावीर कानोनी औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति नेहा रामानी पति श्री हीरानंद रामानी निवासीः- वार्ड क्र.14 औवेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | भूखण्ड क्र. 182 एवं 183 जिसका क्षेत्रफल 20x40 = 800 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 7 | आवसीय मकान क्र.27 देवसिटीकालोनी जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफीट वार्ड 05 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन | श्री राजेश अग्रवाल एवं श्री संजय अग्रवाल आ. श्री देवेन्द्र अग्रवाल निवासीः-वार्ड क्रं. 04 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति सीमा राय पति मनोज राय निवासीः-ग्राम जैथर. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवसीय मकान क्र. 27 देवसिटी कालोनी कालोनी जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 8 | आवासीय भवन न.30 जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफिट स्थित वार्ड क्रं. 05 देव सिटी कालोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री राजेश अग्रवाल एवं श्री संजय अग्रवाल आ. श्री देवेन्द्र अग्रवाल निवासीः-वार्ड क्रं. 04 औ.गंज.तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | 1.श्री कमलेश कुमार साहू आ. रमेश प्रसाद 2.श्रीमति निशा साहू पति कमलेश कुमार साहू निवासीः-वार्ड क्रं. 13 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवसीय मकान न. 30 जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 9 | आवासीय मकान क्र. 22 क्षेत्रफल 18x40=720 वर्गफिट वार्ड 05 देवसिटी औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री हेमन्त राजपूत आ. श्री परमानन्द राजपूत 70 नानागिरी जे के रोड भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. | 1.श्रीमति सुनीता बन्द्रेले पति श्री लल्लूलाल बन्द्रेले 2. लल्लूलाल बन्द्रेले आ. श्री बिहारीलाल निवासीः- वार्ड 12 औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवासीय मकान क्र. 22 क्षेत्रफल के 18x40=720 वर्गफिट | विक्रय पत्र आधार पर। |
| 10 | कृषि भूमि खसरा क्र.220/1/1/2/1/1 रकबा 0.1535 मे से 0.05128 हेक्टर निवासी :- औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति पिंकी पत्नि श्री कुलदीप सिंह निवासी-195 किशनपुर गैरतगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति हेमलाता चैरसिया पत्नि श्री मनोज चैरसिया निवासी-वार्ड 5 लोधी मोहल्ला औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | कृषि भूमि खसरा क्र. 220/1/1/2/1/1 रकबा 0.1535 में से 0.05128 हेक्टर | विक्रय पत्र आवेदन खसरा के आधार पर। |
| 11 | मकान 100x12 मध्य मे चौडाई 13 फिट 6 इच योग क्षेत्रफल 1270 वर्गफिट निवासीः- वार्ड 09 हिरानियॉ औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्रीमति ईश्वरी बाई पति श्री दयाराम निवासी- वार्ड 14 औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री सैफ उद्दीन आ. श्री नईम उद्दीन निवासीः-वार्ड 09 हिरानियॉ औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | मकान 100x12 मध्य मे चौडाई 13 फिट 6 इच योग क्षेंत्रफल 1270 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 12 | मकान का क्षेत्रफल 9.5x38=361 वर्गफिट स्थिति वार्ड 13 औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री चेतनदास खंत्री आ. श्री परसराम खत्री निवासीः-वार्ड 13 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री प्रशांत वासवानी आ.श्री टीकमचन्द निवासीः-वार्ड क्र 14 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | मकान का क्षेत्रफल 9.5x38=361 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 13 | दुकान एवं मकान 9.5x38=361 वर्गफिट वार्ड क्र 13 औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री चेतनदास खंत्री आ. श्री परसराम खत्री निवासीः-वार्ड 13 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीराकेश वासवानी आ. श्री रमेश कुमार वासवानी निवासी वार्ड 14 औबेदुंल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | दुकान एवं मकान 9.5x38=361 | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 14 | भूमि रकबा 2.024 हेक्टयर भूमि पटवारी हल्का न. 08/25 वार्ड 07 उमरिया भूमि खसरा क्र. 1/2 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री खुमान सिंह आ.श्री देवी सिंह निवासीः-वार्ड क्रं. 06 इकलामा औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | 1.श्री खुमान सिंह आ. श्री देवी सिंह निवासीः-वार्ड क्रं. 06 इकलामा औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन। 2.श्री ज्योति सिंह आ. स्वं श्री रघुवीर सिंह निवासीः-वार्ड 24 मंडीदीप जिला-रायसेन म.प्र | भूमि रकबा 2.024 हेक्टयर भूमि पटवारी हल्का न. 08/25 वार्ड 07 उमरिया भूमि खसरा क्र. 1/2 | विक्रय पत्र के आधार पर आ. व्यपवर्तन क्र. 220257 26918 दिनांक 09.04.2022 के अनुसार |
| 15 | मकान 20x150=1000 वर्गफिट वार्ड क्रं. 14 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री डॉ गुलाबचन्द मालवीय आ. श्री किशोरीलाल मालवीय निवासीः-वार्ड क्रं. 14 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र | श्रीमति शीला श्रीवास पति श्री छब्बीलाल श्रीवास निवासीः- वार्ड क्रं. 14 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | मकान 20x150 =1000 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 16 | आवासीय मकान 46.5x26.4=1232.25 वर्गफिट वार्ड क्रं. 05 लोधी मोहल्ला औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री सुनील सक्सेना आ. श्री श्रीहरी सक्सेना निवासीः-वार्ड क्रं. 05 लोधी मोहल्ला औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री सुनील सक्सेना आ. श्री श्रीहरी सक्सेना 2.श्रीमति मृदुला सक्सेना पति श्री सुनील सक्सेना निवासीः- वार्ड क्रं.05 लोधी मोहल्ला औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवासीय मकान 46.5x26.4 =1232.25 वर्गफिट | रजिस्टी के आधार पर सह-स्वामित्व |
| 17 | भूखण्ड क्र. 153 जिसका क्षेत्रफल 20x30 = 600 वर्गफिट वार्ड क्र. 15 शारदा नागर औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति अनामिका नागर पत्नि श्री हरिओम नागर ग्राम दीवटीया तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति सरोज लखेरा पत्नि श्री राजू सिंह लखेरा निवासीः- वार्ड क्र. 15 औवेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | भूखण्ड क्र. 153 जिसका क्षेत्रफल 20x30 = 600 वर्गफिट | विक्रय पत्र, आधार कार्ड आवेदन नक्शा के आधार पर। |
| 18 | व्यवसायिक सम्पति जिसका क्षेंत्रफल 25x26= 650 वर्गफिट वार्ड 15 औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति कौषल्या देवी पति श्री भगवानदास मल्हौत्रा निवासीः-वार्ड 04 औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री राजेश नागर आ. श्री गुलाबा सिंह नागर ग्राम पारखेडी तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | व्यवसायिक सम्पति जिसका क्षेंत्रफल 25x26 =650 वर्गफिट | विक्रय पत्र, के आधार पर |
| 19 | भूखण्ड क्र.56 20x30= 600 वर्गफिट वार्ड क्र. 15 शारदा कॉलोनी औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | शारदा गृह निर्माण सहकारी संस्था वार्ड क्र. 15 मर्यादित विशनखेड़ा औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति संध्या श्रीवास्तव पति योगेश श्रीवास्तव निवासीः-वार्ड 02 महावीर कालोनी औगंज तहसीलगौहरगंजजिला-रायसेन म.प्र | भूखण्ड क्र.56 20x30 =600 वर्गफिट | विक्रय पत्र, शपथ पत्र के आधार पर। |
| 20 | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 16x50=800 वर्गफिट वार्ड 03 खिल्लीखेड़ा औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री भूपेन्द्र यादव आ. श्री रविशंकर यादव निवासीः- 03 खिल्लीखेड़ा औगंज तहसीलगौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति नीलीमा धनगर पति श्री विजय धनगर निवासीः-03 खिल्लीखेड़ा औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेंत्रफल 16x50=800 वर्गफिट | विक्रय पत्र, के आधार पर। |
| 21 | मकान एवं दुकान क्षेत्रफल 30x75=2250 वर्गफिट निवासी वार्ड क्रं. 04 टीकाराम कॉलोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति लक्ष्मी बाई राजपूत पत्नि स्वं श्री भागचन्द राजपूत निवासीः-वार्ड क्रं. 04 टीकाराम कॉलोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री महेन्द सिंह राजपूत आ. स्वं श्री भागचन्द राजपूत निवासीः- वार्ड क्रं. 04 टीकाराम कॉलोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | मकान एवं दुकान क्षेत्रफल 30x75= 2250 वर्गफिट | विक्रय पत्र पुरानीरजिस्टी मृत्यु प्रमाण पत्र टेक्स रसीद के आधार पर। |
| 22 | मकान क्षेत्रफल 16x20= 320 वर्गफिट निवासी वार्ड क्रं. 14 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति उर्वषी मोढ पति श्री अशोक कुमार जैन निवासीः-वार्ड 14 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | 1.श्री सुरेश चावला आ.श्री चेलराम 2. श्रीमति दीप शिखा चावला पति श्री सुरेश चावला निवासीः- वार्ड 14 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | मकान क्षेत्रफल 16x20=320 वर्गफिट | विक्रय पत्र, के आधार पर |
| 23 | आवासीय भूखण्ड क्र 59 30x50=1500 वर्गफिट वार्ड 02 सी एल नगर सनोटी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री प्रदीप चौरासिया आ. श्री बालाप्रसाद चौरासिया निवासीः- वार्ड 14 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री प्रिस अरोरा आ. श्री मदनलाल अरोरा निवासीः- वार्ड 14 औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवासीय भूखण्ड क्र 59 30x50 =1500 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 24 | आवासी भूखण्ड क्र. 57 क्षेत्रफल 20x30= 600 वर्गफिट वार्ड 02 अशोक विहार प्लान-ए, औ.गंज. तहसील गौहरगंजजिला-रायसेन म.प्र | श्री राजेश शर्मा द्वारा मुख्त्यार आम श्री रामकिशोर शर्मा निवासी वार्ड 09 हिरानियॉ औ.गंज. तहसील गौहरगंजजिला-रायसेन म.प | श्री जगदीश बैरवा आ. श्री चेत्या बैरवा निवासी वार्ड 13 रेलवे कालोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवासी भूखण्ड क्र. 57 क्षेत्रफल 20x30 = 600 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर। |
| 25 | भूखण्ड क्र. 346 20x30=600 वर्गफिट वार्ड क्र. 15 शारदा नगर कॉलोनी औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति साधना अरोरा पति श्री संजय अरोरा निवासीः-09 रेहटी रोड़ औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प | श्री संजय अरोरा आ. श्री रामस्वरूप अरोरा निवासीः-वार्ड 09 हिरानिया औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | भूखण्ड क्र. 346 20x30 =600 वर्गफिट | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ-पत्र के आधार पर। |
| 26 | मकान क्र. 38 40x60=2400 वर्गफिट वार्ड 02 महावीर कालोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री मुन्नालाल जैन आ. श्री फूलचन्द्र जैन निवासीः-वार्ड 02 महावीर कालोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति विद्या देवी जैन पति श्री मुन्नालाल जैन निवासीः- वार्ड 02 महावीर कालोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | मकान क्र. 38 40x60= 2400 वर्गफिट | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ -पत्र के आधार पर। |
| 27 | दुकान क्र. 03 निवासीः- वार्ड 02 महावीर कालोनी रोड औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री सूरज सिंह आ. श्री राम सिंह नागर निवासीः-वार्ड 08 हिरानियॉ औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री मुकेश परमार आ. श्री राजमल परमार निवासीः- वार्ड 02 महावीर कालोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | दुकान क्र. 03 महावीर कालोनीरोड | विक्रय पत्र, अनुबंध पत्र के आधार पर। |
| 28 | भूखण्ड का क्षेत्रफल 30x50=1500 वर्गफिट प्लाट न. 14 वार्ड 02 विद्या नगर औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति हरजीत कौर पति श्री अर्जुन सिंह निवासीः-वार्ड 07 उमरिया औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री ओंकार सिंह आ.श्री गुरूमेल सिंह निवासीः-वार्ड 02 महावीर कालोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | भूखण्ड का क्षेंत्रफल 30x50=1500 वर्गफिट | विक्रय पत्र, के आधार पर |
| 29 | व्यवसायिक भवन 31x70= 2170 वर्गफिट निवासीः-वार्ड 01 विशनखेड़ा औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | 1.श्री लक्ष्मण सिंह राजपूत 2.श्री राजकुमार राजपूत आ. श्री करनसिंह राजपूत निवासीः- वार्ड 01 विशनखेड़ा औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री नीरव नीलम भट्ट आ. गजाधर प्रसाद भट्ट निवासीः- 216 कुंजन नगर भोपाल | व्यवसायिक भवन 31x70= 2170 वर्गफिट | विक्रय पत्र, के आधार पर |
| 30 | आवासीय भूखण्ड 20x30= 600 वर्गफिट अशोक बिहार प्लान ए वार्ड 02 सनोटी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री प्रेमशंकर शर्मा आ. श्री चुन्नीलाल शर्मा निवासीः-वार्ड 09 हिरानियॉ औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति बसन्ती नागर पति कैलाश नागर निवासीः-ग्राम करमई तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवासीय भूखण्ड 20x30= 600 वर्गफिट | विक्रय पत्र, के आधार पर |
| 31 | आवासीय भूखण्ड क्र 10, 20x45=900 वर्गफिट आशोक बिहार प्लान बी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री राजेश कुमार शर्मा (मुख्तारआम) श्री जयप्रकाश शर्मा निवासीः-वार्ड 09 हिरानियॉ औ. गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री उमेश कुमार मालवीय आ. स्वं श्री प्रहलाद सिंह मालवीय | आवासीय भूखण्ड क्र10, 20x45 वर्गफिट =900 | विक्रय पत्र नक्शा के आधार पर |
| 32 | आवासीय भूखण्ड क्र 13, 30x50=1500 वर्गफिट निवासीः-वार्ड 02 विद्या नगर औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री राजेश कुमार शर्मा (मुख्तारआम) श्री जयप्रकाश शर्मा निवासीः-वार्ड 09 हिरानियॉ औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति हेमा तिवारी पति श्री पंकज तिवारी निवासीः-वार्ड 02 विद्या नगर औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | आवासीय भूखण्ड क्र 13, 30x50 =1500 वर्गफिट | विक्रय पत्र नक्शा के आधार पर |
| 33 | खसरा क्र 63/2/2 मे से भूमि 1306.8 वर्गफिट निवासीः-वार्ड 02 सनोटी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्री रमेश चौपड़ा आ. श्री स्वं श्री रोशनलाल चौपड़ा निवासीः-वार्ड 09 हिरानियॉ औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति सुनीता सिंह पति श्री संतोष कुमार निवासीः-इन्द्रनगर मण्डीदीप औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | खसरा क्र 63/2/2 में से भूमि 1306.8 वर्गफिट | विक्रय पत्र खसरा डायवर्सन आदि। |
| 34 | आवासीय भवन क्र. 157 जिसका क्षेत्रफल 30x40 =1200 वर्गफिट स्थित निवासीः- वार्ड क्रं. 02 महावीर कॉलोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री कौशल्या देवी शर्मा पत्नी श्री राजवीर शर्मा निवासीः-वार्ड क्रं. 02 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | श्री प्रदीप कुमार शर्मा, प्रतिभा शर्मा,श्री प्रमोद शर्मा, प्रमिला शर्मा पुत्रगण श्री राजवीर शर्मा निवासीः-वार्ड क्र. 02 महावीर कॉलोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | आवासीय भवन जिसका क्षेत्रफल 30x40 =1200 वर्गफिट | विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर फोती नामातंरण |
| 35 | आवासीय भूखण्ड क्र 148 जिसका क्षेत्रफल17x30=510 वर्गफिट स्थित निवासीः-वार्ड क्रं. 15 शारदा नगर औ.गंज.तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | शारदा गृह निर्माण सहकारी संस्था वार्ड क्र. 15 मर्यादित विशनखेड़ा औगंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र | श्रीमति रेखा ओड़ पति श्री राजेश ओड़ निवासी -वार्ड क्रं. 02 महावीर कॉलोनी औ.गंज. तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | आवासीय भूखण्ड क्र 148 जिसका क्षेत्रफल 17x30= 510 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर |
| 36 | खसरा क्र. 286/1/1/2/1 मे से 0.048 हे वार्ड 03 खिल्लीखेड़ा औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री शिव नारायण विश्वकर्मा आ. श्री मूलचन्द निवासीः-वार्ड 02 महावीर कालोनी औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | श्री संतोश कुमार गुप्ता आ. विष्णु प्रसाद गुप्ता निवासीः-वार्ड 04 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | खसरा क्र. 286/1/1/2/1 में से 0.048 हे. | विक्रय पत्र एवं व्यपवर्तित आदेश |
| 37 | खसरा नं.20/2/2/1 में से 0.10 एकड निवासीः- वार्ड 02 सनोटी औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | 1.श्री गुलाबसिंह, 2.श्री जगदीश प्रसाद 3.श्री करनसिंह 4. मोतीलाल आ. श्री सुन्दर सिंह परमार निवासीः-वार्ड 02 सनोटी औबेदुल्लागिंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | श्रीमति सुशता तिवारी पति श्री रमेश कुमार तिवारी निवासीः- वार्ड 09 हिरानियॉ औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | खसरा नं.20/2/2/1 में से 0.10 एकड | विक्रय पत्र एवं व्यपवर्तित आदेश |
| 38 | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 30x50=1500 वर्गफिट क्र A-26 गोकुल धाम कालोनी वार्ड 15 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री कमलेश सिंह राजपूत आ. श्री जमना प्रसाद राजपूत ग्राम ईटखेड़ी तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | 1. श्री पकंज खरे आ. श्री नरेन्द्र खरे 2. श्रीमति निधि खरे पति श्री पंकज खरे निवासीः-वार्ड 15 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र | आवासीय भूखण्ड क्षेत्रफल 30x50 =1500 वर्गफिट A-26 | विक्रय पत्र के आधार पर |
| 39 | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 48x13= 624 वर्गफिट वार्ड 14 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री मनोज कुमार अरोरा आ. श्री गिरधारीलाल अरोरा निवासीः- वार्ड 14 औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | श्री सुन्दरदास रामानी आ. श्री तुलसीराम रामानी निवासीः- वार्ड 02 महावीर कालोनी औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 48x13 =624 वर्गफिट | विक्रय पत्र के आधार पर |
| 40 | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 50x37=1850 वर्गफिट वार्ड 03 खिल्लीखेड़ा औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र. | श्री गुरूचरण सिंह आ. श्री मोती सिंह निवासीः- वार्ड 05 लोधी मोहल्ला औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | श्रीमति ब्रजकली यादव पति श्री लक्ष्मीनारायण यादव निवासीः-वार्ड 03 खिल्लीखेड़ा औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 50x37= 1850 वर्गफिट | विक्रय पत्र एवं व्यपवर्तित आदेश |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद औबेदुल्लागंज**